राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
अम्बेडकर भवन, जी 3/1, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर

प्रेस नोट

अभिरूचि की अभिव्यक्ति
प्रस्ताव आमंत्रित करने की तिथि बढाई

जयपुर, 30 नवम्बर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से करवाने हेतु योजनान्तर्गत सूचीबद्ध होने के लिए इच्छुक पात्र एवं योग्य पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं के ऑनलाईन आवेदन प्रस्ताव शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित किये जाने की तिथि पूर्व में विभाग द्वारा दिनांक 20.11.2024 से 30.11.2024 निर्धारित की गई थी।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान ने बताया कि कोचिंग संस्थानों के ऑनलाईन प्रस्ताव आमंत्रित किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को दिनांक 15.12.2024 तक बढा दिया गया है।

अतः इच्छुक कोचिंग संस्थानों द्वारा अपने प्रस्ताव SSO Portal (https://sso.rajasthan.gov.in) के द्वारा SJMS SMS APP. पर दिनांक 15 दिसम्बर 2024 तक विभाग को ऑनलाईन किये जा सकते है।

कार्यालय पता :- अम्बेडकर भवन, जी 3/1, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर,
दूरभाष नम्बर - 0141-2226697 विभागीय वेबसाइट - www.sje.rajasthan.gov.in
ई-मेल- scholarship.sje@rajastha.gov.in
RajKaj Ref
12129576